out of the Boys Fund some allotment is given to encourage the boys who are doing wonderfully well, and also to the officers who are instructing exceptionally well in the camp?

PROF. SHER SINGH: Last year the Deputy Prime Minister and the Minister of Defence gave direction that the Committee should be appointed to go into the question of diverting some fund from other items for the attendance of camps That Committee is going into this question May be, out of that money if we could provide for some more people to attend the camp that will be done

श्री फिरंगी प्रसाद: मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि एन०सी० सी० के प्रशिक्षण में जो जाते है उनके शारीरिक ह्रास को रोकने के लिए जो जलपान दिया जाता है और उनकी वर्दियों के लिए जो राशि निश्चित की गई है, यह शिकायत मिली है कि सरकार से जो उनके लिए निर्धारित है, उतनी मात्रा में उनको नहीं मिलता है, क्या इसकी जानकारी मंत्री जी को है और क्या मंत्री जी इस विषय में यह भी बताएंगे कि इसके लिए कोई जांच होती है या नहीं या सिर्फ सम्बन्धित अधिकारियों के ऊपर ही सारी चीज निर्भर करती है ?

प्रो० शेर सिंह : अभी तक इस ढंग की कोई शिकायत हमारे पास नहीं आई है। मैं आपको बताऊं कि एक कैडेट के पीछे जो सीनियर विंग है, उस में 37 रुपये भारत सरकार खर्च करती है और जो जूनियर विंग है, उसके लिए 28 रुपये हैं। यह रकम निश्चित की गई है और इसके अन्दर गड़बड़ी की कोई बात हमारे सामने नहीं आई है।

SHRI P. M. SAYEED: The washing allowance given to the cadets is so meagre that the cadets appear shabby and it affects adversely the smart turnout. I was myself associated with the cadets and I know personally how difficult it was for us to maintain cleanliness because of the meagre amount that is given to the cadets. In view of this, will the Government look into this aspect and increase the washing allowance of the cadets?

PROF SHER SINGH: It will be examined

**Drinking Scenes in Films**

*749 SHRI S S SOMANI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some times the drinking scenes in the films do not create good impression and look ugly also, and

(b) if so, the details regarding the guidelines, if any, which have been issued in this regard?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) and (b). Depiction of drinking scenes occurs in films as a part of the theme of the story However, the guidelines issued under the Cinematograph Act, 1952 *inter alia* provide that the Board of Film Censors has to ensure that scenes which have the effect of justifying or glorifying drinking are not shown

श्री एस० एस० सोमानी : अध्यक्ष, महोदय, मद्य निषेध वर्तमान सरकार की नीति है। इसके लिए बड़ी बड़ी बातें की जा रही है। लाखों रुपए इसके लिए खर्च किये जा रहे है। परन्तु इसके लिए प्रेरणा या दुष्प्रेरणा देने वाले साधनों की ओर हमारी सरकार का ध्यान बहुत कम है। शराब बंदी की बात करते है और टेंडर प्रणाली के माध्यम से नई नई दुकानें खोलते है। शुद्ध और अच्छी शराब के विज्ञापन दिए जाते है। फिल्मों में भी यही स्थिति है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या मद्य निषेध की नीति के विपरीत चलचित्रों को भविष्य में प्रतिबन्धित कर दिया

जाएगा और अभी जिन फिल्मों में यह मद्य-पान है क्या उनको देखा जाएगा ?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मद्य निषेध सरकार की नीति है। उसी कारण फिल्मों, के सेंसरबोर्डों को जो गाइडलाइन्स दी गई हैं उनमें यह कहा गया है कि अगर कोई ऐसा दृश्य होगा जिसके द्वारा मद्यपान को प्रोत्साहन मिलता है, या उसको वह ग्लोरीफाई या जस्टिफाई करता है तो वह दृश्य नहीं दिखाया जा सकता है। लेकिन माननीय सदस्य यह स्वीकार करेंगे कि मद्य निषेध का प्रचार करने के लिए उसके जो खराब परिणाम हो रहे है, उनको दिखाना उपयोगी होता है।

श्री एस० एस० सोमानी : अध्यक्ष महोदय, आपने जो मार्गदर्शक सिद्धान्तों का हवाला दिया है वे तो 1952 के अधिनियम के तहत है। 1952 से लेकर अब तक इन चलचित्रों के दुष्परिणाम हम देख सकते है। उस समय कितने लोग शराब पीते थे और आज कितने ? कालेज के विद्यार्थी, मैं समझता हूँ कि 80 परसेंट लोग शराब पीते है। इस तरह की फिल्में एम० पीज० को भी दिखायी जाती है। कई फिल्में तो वाइन और वूमेन को लेकर चलती है। इसलिए मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप फिल्म सेंसर बोर्ड को रीकांस्टीट्यूट करेंगे, या इसको नये मार्गदर्शक सिद्धान्त देंगे जिनके आधार पर भविष्य में ऐसा न हो ?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : अध्यक्ष जी, कानून 1952 का है लेकिन गाइडलाइन्स अभी की है। सेंसरबोर्ड भी अभी अभी रीकांस्टीट्यूट किया गया है और गाइडलाइन्स भी नयी दी गई हैं और उन गाइडलाइन्स पर ही काम हो रहा है।

श्री ओ० पी० त्यागी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह सवाल पूछना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की जो नैतिकता है, संस्कृति है, उस पर आघात करने वाले या उसको छिन्न भिन्न करने वाले जो पहले चित्र बने हैं, जैसे कि एक चित्र 'देश परदेश' है उसमें शराब पीने का दृश्य दिखाया गया है। लड़के और लड़कियां शराब पीती हैं, यह उसमे दिखाया गया है। क्या मंत्री महोदय ऐसी फिल्मों को तत्काल बन्द करने का आदेश देंगे ? क्या मंत्री जी ऐसी फिल्मों को भी बन्द करेंगे जिनमें शराब पीना और डकैती, चाकू मारी, गोला बाजी के भयानक दृश्य दिखाये जाते है ? क्या इस प्रकार की सारी फिल्मों को आप तत्काल बन्द करेंगे, यह मुझे सवाल पूछना है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सेंसर बोर्ड को जो निर्देश दिये गये है वे बहुत स्पष्ट है और मैं समझता हूं कि उसी के अधीन काम हो रहा है।

SHRI K. RAMAMURTHY: Since we have solved all the problems in our country, this is the only problem which is pending before us. My good friend, Mr. Somani, has asked this question. I would like to know from the hon. Minister: in view of the fact that the Janata Party is very deeply involved in the policy decision on prohibition, will the Government issue instructions to all cinema houses not to issue tickets to those who come there under the influence of liquor?

MR. SPEAKER: I do not think it arises out of the main question.

### राजस्थान में पालाना तापीय विद्युत परियोजना

*750. श्री दौलत राम सारण : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पालाना तापीय विद्युत् परियोजना का प्रतिवेदन केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण को मंजूरी के लिए राजस्थान सरकार से कब प्राप्त हुआ था ;